# हिन्दी
# (201)
## शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

**कुल अंक:20**

**टिप्पणी: (i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।**

**(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केंद्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।**

1. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए।** 2

(क) **'उनको प्रणाम'** कविता में उन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त किया है जिन्होने नींव की तरह कार्य किया। भले ही उन्हें अपेक्षित ख्याति नहीं मिली। क्या आप इस तर्क से सहमत हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। (पाठ-5 देखें)

(ख) 'जो सच से बेखबर, सपनों में खोया पड़ा है।'इस पंक्ति से क्या आशय है ? इसे जगाओ' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए । (पाठ-12 देखें)

2. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए।** 2

(क) 'गिल्लू'पाठ में पशु-पक्षी के प्रति मानवीय करुणा का किस प्रकार चित्रण हुआ है ? अपने शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए। (पाठ-3 देखें)

(ख) 'रॉबर्ट नर्सिंग होम में'पाठ के आधार पर मदर टेरेसा के व्यक्तित्व की दो प्रमुख विशेषताओं को प्रस्तुत कीजिए । (पाठ-5 देखें)

3. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए।** 2

(क) 'बीती विभावरी जाग री'कविता में प्रयुक्त मानवीकरण अलंकार को सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(पाठ-17 देखें)

(ख) **'अपना पराया'** पाठ हमें किस प्रकार स्वस्थ रहने का संदेश देता है? स्पष्ट कीजिए । (पाठ-16 देखें)

**4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4**

(क) 'इसे जगाओ' कविता एक महत्त्वपूर्ण जीवन संदेश को प्रस्तुत करती है।' कैसे ? उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए। (पाठ-12 देखें)

(ख) 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ में नारी शक्ति का सुंदर परिचय मिलता है । इस पंक्ति का वर्णन सोदाहरण कीजिए । (पाठ-6 देखें)

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4**

(क) किसी पाठ को पढ़ते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना ज़रूरी है? दो उदाहरण देते हुए अपने विचार प्रस्तुत कीजिए । (पाठ-10 देखें)

(ख) 'अपना पराया'पाठ के संदर्भ में राष्ट्रीय टीकाकरण योजना को प्रस्तुत कीजिए तथा इसके लाभों का उल्लेख कीजिए । (पाठ-16 देखें)

**6. निम्नलिखित में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए ।** 6

(क) हिन्दी के किन्हीं चार गद्य लेखकों के परिचय, उनकी प्रमुख कृतियाँ तथा उनके योगदान को चित्र सहित प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-3,5,,6,16 देखें)

(ख) समसामयिक समस्याओं पर आधारित पाँच समाचारों का संकलन कीजिए। साथ ही विषयवस्तु और भाषा के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए । (पाठ-10 देखें)